# जिले में चिकनगुनिया का प्रकोप, डेंगू नियंत्रण में

## 9 माह में चिकनगुनिया के 282, वहीं डेंगू के 310 मरीज



**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 20 अक्टूबर**-- जिले में चिकनगुनिया का प्रादुर्भाव बढ़ा हुआ नजर आता है. पिछले वर्ष की तुलना में इस बीमारी का प्रमाण बढ़ गया है तथा जनवरी से सितंबर के दौरान चिकनगुनिया के लगभग 282 मरीज पाए गए हैं. डेंगू मरीजों की संख्या भी 310 पर पहुंच गई है, किंतु पिछले वर्ष की तुलना में यह संख्या कम होने की बात जिला शीतज्वर विभाग ने कही है. बारिश के दिनों में वातावरण में होनेवाले परिवर्तन के कारण कीटजन्य बीमारियों का प्रमाण काफी बढ़ गया है. बीमारी रोकने के लिए विशेष मुहिम चलाई जाती है. इसमें स्वास्थ्य विभाग की ओर से फॉगिंग, लार्वा नाशक छिड़काव, जमा हुए पानी में गप्पी मछलियां छोड़ने की मुहिम चलाई जाती है. उसी प्रकार नागरिकों ने भी अपने-अपने घरों के परिसर में जमा हुआ पानी तत्काल निकाल डालना चाहिए. कूलर, फूलदानी, टंकियों, बाल्टियों में मच्छरों की उत्पत्ति न हो इसके लिए इस संदर्भ में जनजागृति की जाती है, किंतु फिर भी इस बार चिकनगुनिया के मरीजों में वृध्दि हुयी है.

### समय पर सावधानी बरतें

चिकनगुनिया व डेंगू इन दोनों बीमारियों में तेज बुखार, बदनदर्द, जोड़ों का दर्द, आंखों के पीछे वेदना, त्वचा पर लाल फुंसियां इस प्रकार के लक्षण दिखाई देते हैं. ऐसे में समय पर उपचार नहीं करने पर रक्त पेशियों की संख्या घटने लगती है और मरीज की बीमारी गंभीर अवस्था में पहुंच सकती है. इसलिए लक्षण दिखाई देते ही तत्काल अस्पताल में जाकर उपचार लेना आवश्यक है.

### मलेरिया के मरीज बढ़े

चिकनगुनिया, डेंगू बीमारियों के साथ-साथ इस बार मलेरिया के मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है. जनवरी से सितंबर के दौरान 9 माह में 136 मलेरिया के मरीज पाए गए. इनमें ग्रामीण क्षेत्र के 126 व शहर में 10 मरीज पाए गए. इन मरीजों में मुंबई से लौटे मरीजों की संख्या अधिक है.

9 माह में जिले में डेंगू के 310 मरीज होने पर भी पिछले वर्ष की तुलना में यह संख्या इस बार घटी है, किंतु चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या में वृध्दि हुई है तथा वह 282 तक पहुंच गई है. कीटजन्य बीमारी को रोकने के लिए शीतज्वर विभाग की ओर से सभी प्रयास किए जाते हैं. - डॉ. शरद जोगी, जिला शीतज्वर अधिकारी

### 9 माह में चिकनगुनिया के 282 मरीज

जिले में 9 माह में लगभग 282 मरीज चिकनगुनिया के पाए गए हैं. जिनमें महापालिका क्षेत्र में 63 तथा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 219 मरीज पाए गए. इसी के साथ-साथ डेंगू के 310 मरीजों में से 229 ग्रामीण क्षेत्र में तथा मनपा क्षेत्र में 81 मरीज पाए गए हैं.

# 300 जरूरतमंदो के साथ मनायी दिवाली






## सर्वज्ञ फाऊंडेशन का सराहनीय उपक्रम

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 20 अक्टूबर**-- सर्वज्ञ फाऊंडेशन की ओर से निराधार, दिव्यांग व गरीबों को फराल व नए कपड़े वितरित करके दीपावली की खुशियां मनाई गई. करीब 300 लोगों में लाभ लिया.पूर्व पार्षद गणेश पावडे की स्मृति में मनीष व वैशाली पावडे की ओर से स्थापित सर्वज्ञ फाऊंडेशन के माध्यम से कई वर्षों से सेवा भावी कार्य चलाया जा रहा है. हर दीपावली को वंचितों में खुशियां बांटी जाती हैं. दीपावली के पहले सहायता व मदद कार्य किया गया. इस उपक्रम के तहत फराल सामग्री, कपड़े और चप्पल वितरीत कर दीपावली की खुशी साझा की गई. सरस्वती नगर स्थित पावडे निवास स्थान पर यह सेवाभावी उपक्रम चलाया गया. कार्यक्रम की शुरूवात संत गाडगेबाबा की प्रतिमा का पूजन कर की गई. सभी जरुरतमंद भाई-बहनों को कुमकुम तथा तिलक लगाकर स्वागत किया गया. इस अवसर पर अतिथि के रुप में समाजसेवी डॉ. गोविंद कासट, दिगंबर जैन महासमिति के विदर्भ अध्यक्ष अभिनंदन पेंढारी, दीपक हुंडीकर, महेंद्र देशमुख, प्रभा आवारे, विजय बर्वे, ओमप्रकाश चांडक, राधेश्याम चांडक, अरुण बनारसे, राजेंद्र पचगाडे, गणेश ढोरे, संजय शिरभाते, पुष्पलता गावंडे उपस्थित थे. सभी अतिथियों ने सर्वज्ञ फाऊंडेशन के जनकल्याणकारी उपक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि गरीब व असहाय लोगों की सेवा ईश्वरीय कार्य है. साथ ही सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं. कार्यक्रम का संचालन अभिनंदन पेंढारी, प्रस्तावना डॉ. गोविंद कासट व आभार वैशाली पावडे ने माना.इस अवसर पर राजेंद्र खंडारे, प्रदीप गोरे, मयूर अग्रवाल, शिवाजी मुंढे, रुपेश नगरनाईक, दादाराव बिवरे व अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

### सदाबहार गीतों ने बांधा समा

इस सेवाभावी उपक्रम दौरान नेत्रहीन विद्यालय छात्रों ने सूरों से सभी को सराबोर किया. संगीत कार्यक्रम में सोनाली पाटील, ज्योति शेटे व कुछ बाल कलाकारों ने अपने मधुर स्वरो में दिवाली गीत, भक्तिगीत, भजन प्रस्तुत कर समा बांधा. नेत्रहीन विद्यालय के शिक्षक पाटील का जन्मदिन भी इस अवसर पर मनाया गया.उन्हें शाल व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया. लाभ पाने वाले असहाय व गरीब महिला-पुरुषों ने भावुक होकर आयोजकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की.



# वलगांव के असंख्य कार्यकर्ताओं ने किया भाजपा में प्रवेश

## रविराज देशमुख के हस्ते सभी कार्यकर्ताओं का पार्टी में स्वागत

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 20 अक्टूबर**- - भाजपा के जिलाध्यक्ष रविराज देशमुख के हस्ते भाजपा तहसील संगठन महामंत्री मनोज खवड़ के नेतृत्व में सैकड़ों युवा कार्यकर्ताओं ने भाजपा में प्रवेश किया. इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यकारिणी पदाधिकारी मामासाहब निर्मळ, शहराध्यक्ष सागर काळे, तहसील सचिव पंकज बारब्दे, तहसील उपाध्यक्ष धीरज डेहणकर आदि पदाधिकारी उपस्थित थे.

इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष रविराज देशमुख के हाथों सभी युवा कार्यकर्ताओं का भाजपा प्रवेश के साथ-साथ सभी का स्वागत किया गया.

इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व सहकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे तथा सभी की उपस्थिति में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा में विधिवत प्रवेश लिया.

# अक्स अमरावती का

## कस्तुरबा स्कूल में वाचन प्रेरणादिन



अमरावती - कस्तुरबा इंग्लिश स्कूल, श्याम नगर अमरावती में भारतरत्न डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर 15 अक्टूबर को वाचन प्रेरणादिन मनाया गया. वाचन प्रेरणा दिन पर स्कूल में ग्रंथदिंडी का आयोजन किया गया. एचएम चंदेल व सुपरवायझर जुमडे ने शिक्षा महर्षि डॉ.पंजाबराव देशमुख और भारतरत्न डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिमा का पूजन कर कार्यक्रम शुरू हुआ. रक्षंदा शाह, संपूर्ण शिक्षक स्टाफ, शिक्षकेत्तर कर्मचारी व बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे.

## कस्तुरबा के छात्रों ने जरूरतमंदों के साथ मनाई दिवाली



अमरावती - कस्तुरबा इंग्लिश स्कूल, श्याम नगर अमरावती के विद्यार्थियों ने शाला के प्रांगण में गरीब व जरूरतमंद बच्चों के साथ 17 अक्टूबर को दिवाली मनाई. विद्यार्थियों ने लाये हुये दीप तथा 'आकाश दीप' की सजावट कर शाला परिसर शोभायमान किया गया. संदाशांती बालगृह के बच्चों को मिठाई, भेंटवस्तु तथा पटाखों का वितरण किया. शाला की एचएम साधना चंदेल व सुपरवायझर जुमडे ने विद्यार्थियों व बच्चों को दिवाली की शुभकामनाएं दी.

## सेंट फ्रांसिस हाईस्कूल में पढाये निसर्ग संवर्धन के पाठ



अमरावती - वाईल्ड लाइफ विक (1 से 7 अक्टूबर) के उपलक्ष्य में, स्थानिय सेंट फ्रांसिस हाईस्कूल में अरण्यम कन्झरवेशन सोसायटी के अध्यक्ष सर्वेश मराठे ने छात्रों को विभिन्न जंगली प्राणियों की जानकारी दी. उन्होंने कक्षा 8वी से 10वी के विद्यार्थियों को जंगल, उसकी सुरक्षा व संवर्धन के बारे में जानकारी दी. शाला संचालिका श्रीमती राज कमल चौहान, विश्वस्त विवेक छाबडा, हिना छाबडा, कमल बिसेन, नीना बिसेन, एचएम अर्चना मालाणी, नीलिमा दांदले, सुनीता वरणकर, सुहास इंदुरकर, रुचिता गुल्हाने उपस्थित थी.

## पी.आर. पोटे इंजि. कॉलेज में वाचन प्रेरणादिन



अमरावती - पी.आर. पोटे पाटील अभियांत्रिकी व व्यवस्थापन कॉलेज की लाइब्ररी में भारतरत्न डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम की 94वी जयंती वाचन प्रेरणादिन के तौर पर मनाई गई. इसके तहत ग्रंथालय विभाग साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संयुक्त तौर पर ग्रंथालय में वाचकों ने भारतरत्न डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम के जीवनचरित्र पर किताबों का वाचन किया. साथ ही वाचन संस्कृती को बढाने के लिये 'बेस्ट रिडर' यह पुरस्कार प्रदान किया गया.

## विवि में मानसशास्त्र जनजागृती कार्यशाला



अमरावती - संगाबा अमरावती विवि का मानशास्त्र विभाग तथा जिला सामान्य अस्पताल का मानसोपचार विभाग द्वारा संयुक्त तौर पर मानसिक स्वास्थ्य जनजागृती सप्ताह पर, 'मानसिक स्वास्थ्य की मुलभूत जानकारी : बिमारी, उपचार, नैदानिक दृष्टीकोन' इस विषय पर कार्यशाला संपन्न हुयी. प्रमुख वक्ता डॉ.अमोल गुल्हाने, विशेष अतिथी मंगेश घोडेस्वार तथा डॉ.श्रध्दा हरकंचे उपस्थित थी.

# विदर्भ सिने महोत्सव में अनेक फिल्मों का प्रदर्शन

## सतीश देवरे दिया गया सर्वश्रेष्ठ मेकअप मैन का पुरस्कार



**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 20 अक्टूबर**- संतगाडगे बाबा अमरावती विद्यापीठ और विदर्भ फिल्म मेकर्स द्वारा विदर्भ स्तरीय फिल्म महोत्सव का आयोजन किया गया. महोत्सव में विभिन्न फिल्मों का प्रदर्शन किया गया और फिल्म निर्माण में विभिन्न तरीकों से काम करने वाले कलाकारों और सर्वश्रेष्ठ कलाकारों को सर्वश्रेष्ठ कलाकार के रूप में सम्मानित किया गया, इसमें मोतीनगर निवासी और अभिनंदन पेंढारी मित्र मंडल के सदस्य सतीश देवरे को विदर्भ स्तर पर सर्वश्रेष्ठ मेकअप मैन के रूप में सम्मानित किया गया, उनकी इस सफलता के लिए पेंढारी मित्र मंडल की ओर से उन्हें बधाई दी गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के निदेशक दीपक हुंडिकर ने की. कार्यक्रम का संचालन अभिनंदन पेंढारी ने अपने परिचयात्मक भाषण में पिछले बीस वर्षों में फिल्म और रंगमंच क्षेत्र में सतीश देवरे के काम की समीक्षा की. उन्होंने कई प्रसिद्ध कलाकारों का मेकअप किया और कहा कि आज पुरस्कार प्राप्त करना मित्रों के लिए गर्व की बात है, इसके बाद अभिनंदन पेंढारी और अतिथियों ने सतीश देवरे को शॉल, माला, पुष्पगुच्छ, मोतियों का हार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया. इस अवसर पर महेंद्र देशमुख, प्रदीप कदम, राजूभाऊ पाटिल, भास्करराव मनमोड़े, मनोज सामदेकर, अजय गंधे, प्रा. संजय शिरभाते, मनोज भिष्णुरकर, गणेश भोरे ने अपने भाषण में सतीश देवरे के कार्यो की सराहनी की. कार्यक्रम के अध्यक्ष दीपक हुंडिकर ने अपने भाषण में कहा कि मंच पर कलाकारों को सफल बनाने के लिए पर्दे के पीछे कड़ी मेहनत करने वाले कलाकारों का योगदान बहुमूल्य है और ये कलाकार महान हैं. सतीश देवरे को पुरस्कार मिलना खुशी की बात है और उन्हें आगे भी सरकारी स्तर पर पुरस्कार मिलने की शुभकामनाएं दीं. सतीश देवरे ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणादायी है. कार्यक्रम का संचालन अभिनंदन पेंढारी ने किया और धन्यवाद देवरे ने दिया. इस अवसर पर प्रदीप सागले, राधेश्याम यादव, संजय जैन, अजय गंधे, किशोर चौधरी, मंगेश बख्शी, रंजन फिरके, अजय भोजने, रमेश अम्बेकर, भास्कर तांबे, सी. एन. शेरेकर, मनोज विष्णुरकर, राजू माहोरे, प्रदीप घोड़ेराव, दीपक खेरकर, अनिल कडू, प्रकाश ढेपे, अविनाश पाटिल, अनिल बोबडे, अरुण बनारसे सहित थिएटर और फिल्म क्षेत्र के लोग उपस्थित थे.

### रोजगार मेले में 168 युवाओं ने लिया हिस्सा

**अमरावती, 20 अक्टूबर**- जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए जिला कौशल विकास, रोजगार एवं उद्यमिता मार्गदर्शन केंद्र, अमरावती और मॉडल करियर सेंटर अमरावती के सहयोग से हाल ही में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया. इस रोजगार मेले में जिले के विभिन्न तहसीलों और आसपास के क्षेत्र से 168 उम्मीदवारों ने भाग लिया. उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से पंजीकरण की दोहरी सुविधा उपलब्ध कराई गई थी. मेले में 10वीं, 12वीं पास छात्रों, डिप्लोमा धारकों, स्नातकों और तकनीकी शिक्षा प्राप्त छात्रों को उनकी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार रोजगार प्रदान करने के लिए कुल 6 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया, इनमें रेमंड लक्जरी कॉटन प्राइवेट लिमिटेड, अमरावती, सहयोग मल्टी बैंक लिमिटेड, अमरावती, प्लास्टी सिमक आईटी, प्लास्टी सर्ज अमरावती, जाधव गियर्स प्राइवेट लिमिटेड और सत्या माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं. लिमिटेड, अमरावती, इन कंपनियों ने विभिन्न क्षेत्रों में कुल 128 पदों के लिए साक्षात्कार प्रक्रिया आयोजित की.





# सिपना कॉलेज में राज्यस्तरीय अभिवक्ता वक्तृत्व प्रतियोगिता

## 41 प्रतिभागियों ने किया उत्कृष्ट वक्तृत्व का प्रदर्शन

**अमरावती,** - सिपना कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के पर्सनालिटी डेवलपमेंट क्लब के तत्वावधान में राज्यस्तरीय अभिवक्ता वक्तृत्व प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया. इस प्रतियोगिता हेतु कुल 84 ऑनलाइन पंजीकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 41 प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट वक्तृत्व का प्रदर्शन किया.कार्यक्रम के निर्णायक के रूप में डॉ. अभिजीत अणे और नफीसा हुसैन उपस्थित थे. समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संचालक डॉ. राजीव बोरकर थे. प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रितेश तिवारी, द्वितीय पुरस्कार आदित्य टोळे तथा तृतीय पुरस्कार गणेश राऊत को दिया गया. निर्णायकों के विशेष आग्रह पर पूर्वा मुरलीधर केवटी को भी तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया. कार्यक्रम का सफल आयोजन और संचालन पर्सनालिटी डेवलपमेंट क्लब की गतिमान टीम द्वारा किया गया. जिसमें श्रावणी रोटे, यज्ञनेश गौपाळ, शर्वरी वानखेडे, पांडुरंग सपकाळ, अमेय खेळवाडे, प्रवीणा महनकर, आदित्य राठोड़, कुंदन राऊत, कार्तिक राठोड़, ओम राऊत, अथर्व ठाकरे, सुहानी जैसवाल, वैदेही बोंडे, कादंबरी खडसे और साहिल ढोके का विशेष योगदान रहा.

# जी.एच. रायसोनी कॉलेज में साइबर जागरूकता सत्र

## डिजिटल फॉरेंसिक विशेषज्ञ डॉ. सुलभा पाटिल ने किया मार्गदर्शन



**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 20 अक्टूबर**- डॉ. सुलभा विलास पाटिल, जो एक प्रसिद्ध डिजिटल फॉरेंसिक विशेषज्ञ हैं, उन्हें जी.एच. रायसोनी विश्वविद्यालय अमरावती में आयोजित साइबर सेफ्टी एंड रिस्पॉन्सिबल डिजिटल बिहेवियर इस विशेष सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया. यह सत्र जी.एच. रायसोनी विश्वविद्यालय और अमरावती शहर पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री द्वारा अक्टूबर 2025 को 'साइबर जागरूकता माह' के रूप में घोषित किया गया है. डॉ. पाटिल डिजिटल फॉरेंसिक्स में डॉक्टरेट धारक हैं तथा साइबर लॉ, साइबर सिक्योरिटी और साइबर फॉरेंसिक्स में स्नातकोत्तर डिप्लोमा भी रखती हैं. पिछले दस वर्षों से वे विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए साइबर जनजागरण कार्यक्रम चला रही हैं. वर्तमान में वे संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय में उपकुलसचिव पद पर कार्यरत हैं. अपने प्रेरक संबोधन में डॉ. पाटिल ने भारत सरकार के साइबर क्राइम विभाग द्वारा जारी किए गए चिंताजनक आंकड़ों की ओर ध्यान आकर्षित किया, जिसमें बताया गया कि 16 से 25 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं पर होने वाले साइबर अपराधों का प्रतिशत लगभग 60 प्रतिशत है. उन्होंने युवाओं को प्रभावित करने वाले चार प्रमुख साइबर अपराधों पर विस्तार से जानकारी दी.

पहचान, चोरी, सेक्सटॉर्शन, थ्री-डी आर्ट स्कैम, और सोशल मीडिया पर निजी तस्वीरों का दुरुपयोग से बचने की सलाह दी. उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे ऑनलाइन समूह तस्वीरें या व्यक्तिगत जानकारी साझा करते समय सावधानी बरतें, क्योंकि ऐसे फोटो साइबर अपराधियों द्वारा दुरुपयोग किए जा सकते हैं. उन्होंने युवाओं को सतर्क रहने, हर जानकारी का सत्यापन करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट करने का आग्रह किया. अमरावती शहर पुलिस के महुरे (हेड कॉन्स्टेबल) और अनिकेत (असिस्टेंट कॉन्स्टेबल) ने भी छात्रों को मार्गदर्शन दिया. उन्होंने साइबर धोखाधड़ी से बचाव के लिए उपयोगी उपाय बताए और 'गोल्डन आवर' यानी किसी साइबर घटना के बाद के शुरूआती कुछ घंटे इस अवधि की जांच और डेटा पुनर्प्राप्ति के दृष्टिकोण से महत्व समझाया. जी.एच. रायसोनी विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. विनायक देशपांडे ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में डिजिटल माध्यमों के दुरुपयोग से बढ़ रही हानिकारक प्रवृत्तियों पर चिंता व्यक्त की. उन्होंने छात्रों को तकनीक का जिम्मेदारीपूर्वक और सजगता से उपयोग करने तथा साइबर सुरक्षा के दूत बनने का आह्वान किया.

यह कार्यक्रम फॉरेंसिक साइंस विभाग और कंप्यूटर साइंस विभाग के संयुक्त प्रयासों से आयोजित किया गया. डॉ. वानखेडे (एचओडी सीएसई) ने प्रास्ताविक भाषण दिया, जबकि डॉ. धोरे (प्रमुख, फॉरेंसिक विभाग) ने आभार प्रदर्शन किया. सत्र के अंत में छात्रों ने विशेषज्ञों से संवाद करते हुए अनेक प्रश्न पूछे. सत्र की विषय-संगति, जानकारीपूर्णता और युवाओं में साइबर जागरूकता बढ़ाने के दृष्टिकोण से इसे अत्यंत सफल प्रयास माना गया और सभी स्तरों पर इसकी प्रशंसा की गई.

# 12वीं की परीक्षा देने के बाद 18 वर्ष पूर्ण होनेवालों का विद्यापीठ से डाटा मंगवाकर सीधे मतदान पंजीयन करें

## एमएच27 एटीएस ग्रुप की विनती

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 20 अक्टूबर**- राज्य उच्च माध्यमिक कक्षा 12वीं की परीक्षा समाप्त होने के बाद उम्र 18 वर्ष, 18 पूर्ण होने के बाद नाम, पता, फोटो, मोबाइल क्रमांक सहित संपूर्ण जानकारी विद्यापीठ अंतर्गत उपलब्ध होने के कारण उस जानकारी का डाटा चुनाव आयोग को मंगवाकर उम्र वर्ष 18 पूर्ण होनेवाले मतदाताओं का सीधा-सीधा मतदाता के रूप में पंजीयन किया जाए, ऐसी विनती प्रमोद पांडे, छाया किशोर कडू, संध्या अवसरे, संगीता गजभिये, अंजलि पांडे, प्रा.समीर गुल्हाने, प्रा.प्रवीण गुल्हाने ने किया है. राज्य व केंद्रीय चुनाव आयुक्त, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति को जिलाधिकारी व विभागीय आयुक्त के मार्फत दिए गए निवेदन में दर्ज किया गया है कि, कक्षा 12वीं के



नतीजों के बाद औसत रूप से 99 प्रतिशत विद्यार्थी मतदाता बनने की मुख्य शर्त जो 18 वर्ष है, पूर्ण कर चुके होते हैं. उसके अलावा मतदाता पंजीयन के लिए लगने वाली संपूर्ण जानकारी फोटो, आधार कार्ड, मोबाइल क्रमांक, संपूर्ण नाम व पता आदि सहित अन्य जानकारी भी संबंधित बोर्ड अथवा विद्यापीठ अंतर्गत उपलब्ध होती ही है. आज के ऑनलाइन मोबाइल विश्व में शासन, प्रशासन व चुनाव आयोग को सर्वांगीण रूप से बिना खर्च किए गए इस कर्तव्य के लिए ना शर्म, ना पैसा, ना समय, ना मनुष्यबल लगेगा. इसलिए केवल उपलब्ध डाटा लेकर पंजीयन करना और संबंधित मतदाता के घर मतदाता होने का पहचान पत्र पोस्ट करना इतना ही काम शेष रहता है, ऐसा निवेदन में दर्ज है. प्रत्यक्ष और ई-मेल द्वारा प्रस्तुत किए गए निवेदन पर आगामी कार्रवाई की जाए, ऐसी विनती प्रमोद पांडे, प्रवीण गुल्हाणे, छाया कडू, संध्या अवसरे, अंजलि पांडे, संगीता गजभिये, वंदना भटकर, जोशी, निंभोरकर, मिलिंद सराफ, मेश्राम, गायगोले, दाते, माधुरी चौधरी, संगीता आगाशे, पवार, विघ्ने, वाकोडे, नीलिमा केने, तायडे, गायकी, बडनखे, आकोडे, भोयर, नाकील, देशमुख, फुसे, बिजवे, राउत, वाघ, ठाकुर, अग्रवाल, राणे, बिडकर, यादव, देशपांडे, धजेकर, पाठक, गुंबळे, पाल, कुपटे, गुप्ता, बिबेकर, क्षीरसागर, वरघडे आदि सहित सैकड़ों एमएच27 एटीएस ग्रुप के सदस्यों ने की है.